ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 13-09-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-13 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-09-14	2022-09-15	2022-09-16	2022-09-17	2022-09-18
वर्षा (मिमी)	1.0	10.0	15.0	12.0	50.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	33.0	30.0	30.0	28.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	23.0	22.0	21.0	21.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	90	90	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	50	65	65	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	12.0	8.0	8.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	130	140
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	8	8	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (6 - 12 सितम्बर, 2022) में 18.1 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 30.5 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 23.7 से 26.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 80 से 93 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 57 से 75 प्रतिशत एवं हवा 0.7 से 5.6 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व, पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली|आगामी पांच दिनों में, 14 से 16 सितम्बर को हल्की वर्षा व 17 सितम्बर को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 28.0 से 34.0 व 21.0 से 24.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः आगामी 14, 15 , 17 सितंबर तक पहाड़ों में कहीं-कहीं (लगभग 25प्रतिशत क्षेत्र में) गरज के साथआकाशीय बिजली व 14 सितम्बर को कहीं-कहीं , 17 सितम्बर को कुछ स्थानों (अर्थात 25-50प्रतिशत क्षेत्र) में भारी से बहुत भारी वर्षा कहीं-कहीं अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 18 से 24 सितम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा तथा 18 से 24 सितम्बर को भी वर्षा सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है अतः किसान भाई अभी फसलों जैसे-मक्का, उर्द, मूंग आदि में सिंचाई को स्थगित कर दें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें। किसान भाई परिपक्व सब्जी फसलों की तुड़ाई कर उन्हे सुरक्षित स्थान में भंडारित करें

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी 14 से 16 सितम्बर को हल्की वर्षा व 17 सितम्बर को मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनी: 17 सितम्बर को, कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	आगामी दिनों में मध्यम से भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए, किसान भाई मेड़ों को मजबूतबू करें और पानी के निकास की उचित व्यवस्था बनाये रखें। ऊधम सिंह नगर जिले में धान की फसल में रूट निमाटोड (जड़ कृमि) देखा जा रहा है। इसके उपाय हेतु जड़ो को 1 मिली वेलम/ लीटर की दर से ड्रैंचिंग करें। इसका प्रयोग साल में केवल एक बार ही करे| रूट निमाटोड से फसल के बचाव हेतु इस रसायन का प्रयोग प्लांटिंग से पहले करना ज्यादा असरदार होगा। रसायनों का प्रयोग मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।
गन्ना	कंडुवा व लाल सड़न रोग से ग्रसित पौधो को निकाल कर खेत से बाहर जला दें तथा आगामी दिनों में मध्यम से भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए, किसान भाई पानी के निकास की उचित व्यवस्था बनाये रखें।
सोयाबीन	आगामी दिनों में मध्यम से भारी वर्षा का पूर्वानुमान व चेतावनी दी गई है अतः सोयाबीन में जलभराव की दशा में जल निकासी की व्यवस्था करें।
गाजर	तराई क्षेत्र में गाजर की बुवाई इस माह करें तथा मैदानी क्षेत्रो में गाजर की एशियाई व यूरोपियन किस्मों की बुवाई इस माह कर सकते है। किसान भाई, बुवाई मौसम पूर्वानूमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
ब्रोकोली	किसान भाई मैदानी व तराई क्षेत्रों में, बंद गोभी, गाँठ गोभी व ब्रोकली की बुवाई कर सकते है। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
गोभी	किसान भाई इस माह फूलगोभी की पछेती किस्मो की बुवाई कर सकते है। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बछियो का मॉ से दूध छः महीने के बाद ही छुड़वाना चाहिए, ताकि उनका शारीरिक विकास अच्छे तरीके से हो सके।
बकरा	बकरियों व भेड़ को टिटनेस टॉक्साइड के 2 टीके एक 4 माह पर, दूसरा 5 माह पर अवश्य लगवायें, जिससे नवजात मेमनों को टिटनेस नामक बीमारी न हों।